कांस्टेबल की भर्ती में पहली बार इस तकनीक का सहारा लेगी एमपी पुलिस

भोपाल।मध्य प्रदेश में 14 हजार से ज्यादा पुलिस कांस्टेबल व अन्य पदों की सबसे बड़ी केंद्रीयकृत भर्ती प्रकिया में इस बार फिजिकल टेस्ट की मार्किंग लेजर से होगी। टेस्ट पूरा होते ही उम्मीदवार का रिकाॅर्ड स्क्रीन पर डिस्प्ले होगा। यदि किसी उम्मीदवार को संदेह हुआ तो वह रिव्यू कर सकेगा। प्रक्रिया की वीडियो रिकार्डिंग भी होगी।14 हजार 283 कांस्टेबल पदों में पहली बार इस तकनीका का सहारा..

14 हजार 283 कांस्टेबल पदों के लिए हो रही भर्ती प्रक्रिया में पहली बार पुलिस मुख्यालय ने नई तकनीकों का सहारा लिया है। इस परीक्षा के लिए 9 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। इसमें 74 हजार उम्मीदवार फिजिकल टेस्ट में शामिल होंगे। प्रदेश के छह शहरों भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, सागर और उज्जैन में सितंबर के दूसरे हफ्ते में आरक्षक भर्ती परीक्षा में पास होने वाले उम्मीदवारों का फिजिकल टेस्ट होगा। फिजिकल टेस्ट में 800 मीटर दौड़, लंबी कूद और गोला फेंक में हर टेस्ट में क्वालिफाई करने के बाद ही लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर अंतिम चयन सूची जारी होगी। इंटरव्यू नहीं होंगे।
तीन शिफ्ट में परीक्षा

व्यापमं द्वारा आयोजित परीक्षा में शामिल होने के लिए 9 लाख उम्मीदवारों ने आवेदन किया है। हर दिन तीन शिफ्ट में 75 हजार उम्मीदवारों की आॅनलाइन परीक्षा ली जा रही है। 9 अगस्त तक इसके रिजल्ट घोषित किए जाएंगे।

कोशिश यह है कि किसी भी स्तर पर उम्मीदवारों को भर्ती प्रक्रिया पर संदेह न हो। फिजिकल टेस्ट में शामिल होने से पहले हर उम्मीदवार का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन होगा।
प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव, एडीजी, चयन एवं भर्ती